हमीरपुर पुलिस

यातायात व्यवस्था भारी वाहनों का रूट डायवर्जन (राठ हमीरपुर)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.06.2026 को माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश जी का जनपद हमीरपुर के राठ क्षेत्र में कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं एवं आमजन के आगमन की संभावना के दृष्टिगत यातायात को सुचारु बनाए रखने,जाम की स्थिति से बचाव एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अस्थायी यातायात डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई है।

यातायात डायवर्जन अवधि: (भारी वाहन)

दिनाँक 21.06.2026 को प्रातः 05.00 बजे से शाम 19.00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

रूट डायवर्जन (भारी वाहन)

पनवाड़ी रोड की तरफ से जो उरई व हमीरपुर की तरफ की तरफ आने जाने वाले वाहन (भारी वाहन) :-

- पनवाडी की तरफ से आने वाले वाहन मंडी राठ बाईपास से होते हुए उरई व हमीरपुर की तरफ जा सकेगें।
- उरई व हमीरपुर की तरफ से आने वाले वाहन बाईपास होते हुए राठ मण्डी पनवाडी रोड होकर जाएगे।

महोबा (चरखारी रोड) से राठ होते हुए हमीरपुर की तरफ आने जाने वाले वाहन (भारी वाहन):-

- महोबा चरखारी रोड होते हुए राठ व हमीरपुर जाने वाले वाहन महोबा से NH34 से होते हुए हमीरपुर जाएगें।
- हमीरपुर से राठ होते हुए महोबा जाने वाले वाहन अम्बेडकर चौराहा से मण्डी बाईपास होते हुए पनवाडी व महोबा की तरफ जाएगें।
- महोबा से हमीरपुर आने - जाने वाले वाहन NH34 से हमीरपुर ,महोबा व पनवाडी जायेगें।

यातायात नियंत्रण एवं सहायता :-

जनपद के सभी प्रमुख स्थानों व बैरियरों पर स्थानीय थाना पुलिस व यातायात पुलिस की तैनाती रहेगी। किसी भी यातायात संबंधी समस्या या सहायता हेतु निम्नलिखित मोबाइल नंबरों पर संपर्क करें- **7355430630,** 9473987561,9454401360,9454403541 अथवा आपातकालीन स्थिति में यूपी-112 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

विशेष अपील:- “समस्त पत्रकार बंधुओंए ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं आमजन से अनुरोध है कि उक्त यातायात डायवर्जन व्यवस्था का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें तथा निर्धारित मार्गों का उपयोग करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें जिससे यातायात सुचारु रूप से संचालित रहे एवं किसी भी नागरिक को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।